**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–11.04.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिदो–कान्हू जयंती पर भोगनाडीह में 507 योजनाओं का किया उद्घाटन, आदिवासी–दलितों के सशक्तिकरण और शिक्षा सुधार को बताया सरकार की प्राथमिकता**
2. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा– नए भारत के निर्माण में शिक्षा और नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका, उन्होंने सरला बिरला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित।**
3. **भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी ने झामुमो का थामा दामन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदस्यता दिलाकर किया स्वागत।**
4. **देवघर जिले में साइबर ठगी का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार।**
5. **ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने जम्मू को हराकर फाइनल में बनाई जगह, रीना कुल्लू बनी प्लेयर ऑफ़ द मैच**

**समाचार विस्तार से**

*****************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भोगनाडीह में वीर शहीद सिदो–कान्हू मुर्मू जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने साहिबगंज, पाकुड़ और गोड्डा जिलों के लिए 437 करोड़ से अधिक की 507 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में 3 लाख 14 हजार 2 सौ उनासी लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया और नियुक्ति पत्र भी सौंपे। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन भी उपस्थित थीं। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों को हर दिशा में मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने शिक्षा को आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों की भी जानकारी दी।

*****************************

राजधानी रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह आज संपन्न हुआ, जिसमें राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्यपाल ने पीएचडी और गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। समारोह में कुल 1,664 विद्यार्थियों को उपाधि दी गई, जिसमें 43 स्वर्ण पदक विजेता भी शामिल रहे। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को समाजसेवा की दिशा में उत्तरदायित्व निभाने की प्रेरणा दी और कहा कि नए भारत के निर्माण में शिक्षा और नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका है।

*****************************

रांची में भाजपा प्रदेश कार्यालय में सांगठनिक कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष, पदाधिकारी और जिला अध्यक्षों ने भाग लिया। कार्यशाला में 13 अप्रैल से शुरू होने वाले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान की रूपरेखा तय की गई। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी ने कांग्रेस पर बाबा साहेब के अपमान का आरोप लगाया और भाजपा द्वारा दिए गए सम्मान की जानकारी दी।

*****************************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी ने पार्टी से इस्तीफा देकर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। साहिबगंज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। ताला मरांडी ने कहा कि उन्होंने वैचारिक मतभेद और व्यक्तिगत कारणों से भाजपा की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दिया।

*****************************

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार कल से झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। कल वे रजरप्पा स्थित सीसीएल गेस्ट हाउस में चुनाव में भाग लेने वाले वॉलेंटियर्स से मिलेंगे और फिर मीडिया को संबोधित करेंगे। 13 अप्रैल को दशम जलप्रपात परिसर में बीएलओ से मुलाकात के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को सम्मानित करेंगे।

*****************************

देवघर जिले के सारवां थाना क्षेत्र के घोरपरास जंगल में साइबर थाने की विशेष टीम ने छापेमारी कर साइबर ठगी में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से ठगी में इस्तेमाल किए गए डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए हैं। इधर, महाराष्ट्र पुलिस की एक टीम भी साइबर ठगों के सत्यापन को लेकर देवघर में कैंप कर रही है।

**********************

हजारीबाग जिले में उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध शराग जब्त की। सहायक उत्पाद आयुक्त शिव प्रसाद साहू के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर यह छापेमारी की गई।

**********************

गोड्डा रेलवे स्टेशन से जल्द ही लंबी दूरी की चार रेल गाड़िया खुलेंगी। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने इस बात की जानकारी दी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

**संक्षिप्त खबरें**–

- धनबाद जिले में आज उपायुक्त माधवी मिश्रा ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम–अभिम) की समीक्षा की। मौके पर उन्होंने सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में चरणबद्ध ढंग से गैर–आपातकालीन सेवाओं की शिफ्टिंग तेज करने और अन्य बुनियादी सुधारों का निर्देश दिया। उन्होंने निरसा के 100 बेड के मॉडल सीएचसी में इलाज शुरू करने और हेल्थ सब सेंटरों को एक सप्ताह में हैंडओवर करने का आदेश भी दिया।
- लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र में पोकलेन लदा एक ट्रक 11 हजार वोल्ट की बिजली तार की चपेट में आ गया, जिससे ट्रक में आग लग गई। घटना में चालक और उपचालक सुरक्षित बच निकले, लेकिन ट्रक और पोकलेन जलकर नष्ट हो गए।
- गुमला जिले में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल पर प्रोजेक्ट किशोरी के तहत रायडीह प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में छात्राओं के बीच सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया गया। बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत माहवारी जागरूकता के उद्देश्य से यह वितरण सभी सरकारी स्कूलों में किया जा रहा है।

**********************

मौसम केंद्र रांची ने गढ़वा, गुमला और लातेहार जिलों के कुछ भागों में अगले 1 से 3 घंटे में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन और बारिश की संभावना जताई है। साथ ही इन क्षेत्रों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है।

**********************

**खेल समाचार**

- ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच में झारखंड की टीम ने जम्मू को 3–2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। रीना कुल्लू को बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। झारखंड टीम की इस सफलता पर खेल निदेशक और हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों ने टीम को बधाई दी।
- 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल भारोत्तोलन प्रतियोगिता के अंडर–17 बालक वर्ग में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक जीते। इंफाल में आयोजित इस प्रतियोगिता में 49 किलो वर्ग में नीलेश लकड़ा ने स्वर्ण पदक, 61 किलो में ओम कुमार ने रजत और 81 किलो में रोहन महतो ने भी रजत पदक प्राप्त किया।
- आईपीएल क्रिकेट में आज चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। ये मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा।

*****************